# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)



## "पक्के मकान ने खत्म की अनिता की कच्चे घर की परेशानी"

लाभुक का नाम:- **अनीता बाउरी**
उम्र:- **34 वर्ष**
लाभुक संख्या:- **208017920310900263**

मोबाइल नंबर:- **8509079828**
पेशा:- **मजदूरी**
मासिक आय:- **2500/-**

निकाय का नाम:- **जामताड़ा नगर पंचायत**
राज्य का नाम:- **झारखण्ड**

हम सभी जानते हैं की अपना घर एक इंसान के जीवन में क्या महत्व रखता है। घर व्यक्ति के जीवन की मुख्य जरूरतों में से एक है। जो आराम एक व्यक्ति को अपने घर में मिलता है वह उसे विश्व के किसी दूसरे स्थान पर नहीं मिलता। कुछ लोगों के लिए यह एक जरूरत होता है और कुछ लोगों का सपना। आइए जानते हैं एक ऐसी महिला की कहानी जिनके लिए यह एक जरूरत और सपना दोनो था, और कैसे सरकार की PMAY (U) योजना ने उसे पूर्ण कर दिखाया।

अनिता बाउरी नामूपाडा जामतारा क्षेत्र की निवासी हैं। वह बताती हैं की उनका जीवन शुरू से ही कच्चे मकान में गुजरा है और उनको अच्छी तरह से ज्ञात है की कच्चे मकान की वजह से उन्हें कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बरसात के दिनों में समय से खाना, सुकून से सोना और बच्चों की पढ़ाई में परेशानियों के साथ-साथ शौचालय और साफ-सफाई की भी काफी समस्या थी। शौच के लिए बाहर जाना पड़ता था और इतनी परेशानियों की वजह से उनके घर पर रिश्तेदार भी आने से काफी हिचकिचाते थे। पारिवारिक आमदनी इतनी नहीं थी कि वह स्वयं अपना घर बना सकें। उनको प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी नगर पंचायत के कर्मी, जनप्रतिनिधि द्वारा दी गई तथा उनसे आवेदन भी भरवाया गया। उसके बाद जल्द ही उनका घर बनना भी शुरू हो गया और घर के सारे सदस्य बड़े उत्साह के साथ इस काम में लग गए हैं और वह दिन दूर नहीं जब उनका अपना पक्का मकान पूरी तरह बन कर तैयार हो गया जिसमें बिजली, पानी, रसोई भी है जिससे वह स्वस्थ, सुरक्षित एवं स्वच्छ जीवन यापन कर पा रही है। इसके लिए पूरा परिवार भारत एवं राज्य सरकार की काफी सराहना करते हैं और उन्हें काफी धन्यवाद भी देते हैं और कहते हैं की यह योजना उन जैसे लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA